# 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 12 अक्टूबर. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने रविवार को जिला चिकित्सालय के महिला एवं बाल रोग इकाई में स्थापित पोलियो बूथ पर नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स-पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।**

**प्रभारी मंत्री ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा**

**राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ**



इस अवसर पर उपस्थित विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भले ही भारतवर्ष पूरी तरह से पोलियो मुक्त हो चुका हैं, लेकिन भारत के आसपास के देशों में पोलियो का संक्रमण अभी भी जारी हैं। जिससे भारत में भी पोलियो के संक्रमण का खतरा बना रहता हैं। जिससे संपूर्ण सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके लिए बैतूल जिले में 2018 पोलियों बूथ बनाएं गए हैं, जहां 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बैतूल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियो की खुराक का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है । उन्होंने सभी पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाए और अभियान को सफल बनाकर भारत वर्ष को पोलियो मुक्त बनाएं रखें। इस दौरान उन्होंने नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी उनकी माताओं को सौंपे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान का शुभारंभ 12 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय बैतूल के एमसीएच भवन में प्रातः 8 बजे किया गया है। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने जानकारी देते हुए कि प्रथम दिवस, बूथ पर एवं दूसरे एवं तीसरे दिन 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिले में 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियों की खुराक दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में 226 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1683 कुल 1909, ट्रांजिट बूथ 29 एवं 6 मोबाइल टीम इस प्रकार कुल 2018 टीकाकरण बूथ बनाये हैं।

### क्रॉसिंग पाइंटों में 88 बूथ बनाकर पिलाई जाएगी दवा

उन्होंने बताया कि बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, जिले के क्रासिंग पाईटों में 88 बूथ बनाकर दवा पिलाई जायेगी। साथ ही जिले में हाई रिस्क एरिया, ईट भट्टे, निर्माण स्थल, मेले, झुग्गी-झोपडी, घुमक्कड़ आबादी स्थल को भी चिन्हित कर 21 मोबाइल टीमों के द्वारा पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए समस्त तैयारियां की जा चुकी हैं। आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जगदीश घोरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ प्रांजल उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, एसडीएम अभिजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**मुलताई।** नगर के शास्त्री वार्ड में रविवार सुबह पार्षद महेन्द्र जैन एवं नारायणराव देशमुख ने बच्चो को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।पार्षद महेन्द्र जैन ने कहा पोलियो की दवा पिलाने से बच्चों को विकलांगता से बचाया जा सकता है। वहीं मुख्यमंत्री का लाडली बहना लाईव कार्यक्रम भी उपस्थित लाडली बहनों को दिखाया गया ।जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक से लाडली बहनों के खाते में राशि डालकर अपनी बहनों को दीपावली का तोहफा दिया ।कार्यक्रम में महिला बाल विकास प्रभारी गीता मालवीय, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी परिहार, बच्चों की माताए उपस्थित थी। मुलताई के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई।



## एक नजर में

### जोरों पर जश्ने गोसुलवरा की तैयारी

**सारनी।** जश्ने गोसुलवरा कार्यक्रम को लेकर तैयार जोरों पर चल रही है। इस मौके पर उलेमा दिन मौलाना के द्वारा तकरीर की जाएगी। सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 के ईंटा भट्टा में जश्ने गोसुलवरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मदरसे में तालीम हासिल करने वाले बच्चों के द्वारा साल में की गई पढ़ाई एवं अन्य जानकारी दी जायेगी। सभी बच्चों को ईनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। क्षेत्र के मौलाना पीरो के पीर सैय्यदना गौसे आजम के चमत्कार एवं दीन के रस्ते पर चल कर इस्लाम की पैरवी के बारे मे विस्तार पूरक जानकारी देंगे। इस मौके पर विशाल भंडारा लंगर तकसीम किया जाएगा। मदरसे रहमानिया से जुड़े पदाधिकारियों रफी अहमद, अब्दुल रहमान खान, अल्ताफ हुसैन कुरैशी, इसरार कुरेशी, जमील कुरेशी ने गोसुलवरा कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

### बच्चों को पिलाई पोलियो दवा

**घोड़ाडोंगरी।** एक बूंद जिंदगी के नाम पल्स पोलियो अभियान आज घोड़ाडोंगरी में चलाया गया, जिसमें आज घोड़ाडोंगरी के वार्ड क्रमांक 10 की आंगनवाड़ी में यह अभियान की शुरुआत श्रीमती कामिनी पाटले ने अपनी बच्ची परिधि को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने बच्चों के माता-पिता को सलाह दी कि अगर पोलियो ड्रॉप्स समय-समय पर पिलाते रहे तो बच्चे कभी भी पोलियो की बीमारी से ग्रसित नहीं होंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा झाड़बड़े उपस्थित थी। वार्ड के अन्य बच्चे और उनके माता-पिता भी उपस्थित थे।

### रेलवे इंस्टीट्यूट के चुनाव आज

**आमला।** आज मध्य रेल आमला के रेलवे इंस्टीट्यूट में होने वाले चुनाव होने जा रहें हैं जिसको लेकर रेलवे कर्मचारियों में उत्साह और जागरूकता का माहौल है। इस अवसर पर नेशनल रेलवे मज़दूर यूनियन ने सभी कर्मचारियों और मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाएं और संस्थान के समग्र विकास में योगदान दें। एनआरएमयू ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि एनआरएमयू बहुमत में आती है तो कर्मचारियों के लिए मनोरंजन, खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सदस्यों के लिए अलग और स्वच्छ सुविधाएं की उपलब्धता, स्वास्थ्य और प्रोत्साहन कार्यक्रम, पारदर्शी प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए कर्मचारियों के हितों हर संभव प्रयास करना करना है।

# डांटने पर बेटे ने हंसिए से वार कर की थी मां की हत्या

**बैतूल। बोरदेही थाना क्षेत्र के मदनी बरछी गांव में शुक्रवार रात हुई एक महिला की मौत के मामले में रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुरू में परिजनों ने इसे हादसा बताया था।**

**परिवार ने पुलिस को बताया था हादसा**

**आरोपी बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि महिला की हत्या उसके ही बेटे ने की थी। आमला पुलिस ने आरोपी बेटे नितेश को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका इमली झरबड़े (45) स्थानीय स्कूल शिक्षक संतोष झरबड़े की पत्नी थीं। परिवार ने पुलिस को बताया था कि वह घर में गिरने से घायल हुई थीं, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर खून फैला हुआ था। महिला के गले, छाती और पीठ पर धारदार हथियार से किए गए वारों के निशान देखकर पुलिस को शक हुआ। थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी ने बताया कि मामले में संदेह होने पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। विशेषज्ञ आबिद खान ने जांच के दौरान घर में खून के छींटे और संघर्ष के निशान मिलने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में मृतका के बेटे नितेश झरबड़े ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मां की डांट-फटकार से नाराज होकर उसने गुस्से में आकर हंसिए से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी नितेश ने मुंबई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और बताया जा रहा है कि वह आईआईटी पासआउट है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

# फूटा तालाब, कलेक्टर से की जांच की मांग

**बैतूल।** ग्राम पंचायत धनियाजाम में खेत तालाब निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सरपंच, सचिव और इंजीनियर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में खेत तालाबों का निर्माण मनरेगा के तहत करवाया गया था, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि पहली ही बरसात में तालाब फूट गए। बावजूद इसके सरपंच, सचिव और इंजीनियर ने पोर्टल पर बिल फिट करवा दिए, जिससे स्पष्ट है कि शासन प्रशासन का इन पर कोई भय नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमलाल पिता धना के खेत में बनाए गए खेत तालाब की पहली बरसात में ही दीवारें टूट गईं, लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा मनरेगा पोर्टल पर उसका भुगतान दर्ज कर दिया गया। इसी तरह फुलवंती के खेत के पास भी अधूरा तालाब बनाकर बिल पोर्टल पर फिट कर दिए गए हैं। यह सीधा भ्रष्टाचार का मामला है, क्योंकि कार्य पूर्ण होने से पहले बिल फिट करना नियम विरुद्ध है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संतु के खेत तालाब में पानी नहीं है, वहां बरसात के दौरान टमाटर लगाए गए हैं, जबकि तालाब का उद्देश्य जल संग्रहण था। इसके अलावा ग्राम में बनाई गई साइड खेत तालाब निर्माण योग्य नहीं है, जहां पानी आने का कोई स्त्रोत नहीं है। इसके बावजूद सरपंच और सचिव ने अपनी मनमर्जी से जेसीबी लगवाकर तालाब का निर्माण करवा दिया। ग्रामीणों ने बताया पंचायत में एमएस मालगुजार नामक फर्म के बिल भी लगाए गए हैं। यह फर्म कथित रूप से डीजल बिक्री के नाम पर फर्जी बिल लगाती है, जबकि इनके नाम पर कोई पेट्रोल पंप ही नहीं है। आरोप लगाया कि पंचायत में लगाए गए ट्रैक्टर के बिल भी फर्जी हैं, क्योंकि संबंधित ट्रैक्टर ने आज दिनांक तक ग्राम पंचायत में कोई कार्य नहीं किया है।

# गुरु साहब वार्ड में विराजित मां शारदा प्रतिमा का किया विसर्जन

**मुलताई।** पवित्र नगरी के गुरु साहब वार्ड बम चौक में नूतन शारदा महिला मंडल द्वारा मां शारदा की प्रतिमा बैठाई गई थी,रविवार को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वार्ड वासियो ने बताया गुरु साहब वार्ड बम चौक में वर्ष 1983 से निरंतर नूतन शारदा महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष मां शारदा स्थापित की जा रही है। नूतन शारदा महिला मंडल में प्रतिदिन शारदा मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है द्य बुधवार रात्रि नूतन शारदा मंडल में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं द्वारा मां आरती में शामिल होकर मां शारदा का आशीर्वाद लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया द्य गुरु साहब वार्ड नूतन शारदा महिला मंडल द्वारा रविवार को प्रतिमा का विसर्जन किया गया ह।

# दीपावली के पूर्व जरुरतमंदों को बांटी खुशियां

**मुलताई।** दीपावली के पूर्व लायंस क्लब मुलताई ताप्ती नगरी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्थक दीपावली पर जरूरत मंदो को दीपावली मनाने के लिए आवश्यक सामग्री बाटकर सेवा, सहानुभूति और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। रविवार को सुबह साढे 8बजे क्लब के सदस्य अपने परिवार सहित नगर से 40 किमी दूर बोरदही के कलमेश्वर पंचायत के ग्राम कछार एवं मिर्ची महू पहुंचे। जहां क्लब सदस्यों ने ग्रामीणों व बच्चों के साथ दीपावली की खुशियाँ बाँटते हुए बच्चों के कपड़े, साड़ियां,बर्तन, खिलौने, प्लास्टिक बाल्टी ,बच्चों की



चेयर,मिठाई, नमकीन एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की ।जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और ग्रामीणों की कृतज्ञता ने इस दीपावली को वास्तव में सार्थक बना दिया। क्लब के अध्यक्ष नमन अग्रवाल ने बताया बीते 15 वर्षों से लायंस क्लब यह अभियान चला रहा है। प्रारंभिक वर्षों में शहर के चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को राशन एवं सामग्री वितरित की जाती थी,अब पिछले चार वर्षों से आसपास के ग्रामीण अंचलों में जाकर अति गरीब परिवारों को सहायता सामग्री दी जा रही है।

# आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती पर चल रहा है गड़बड़ घोटाला

**सारनी।** आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर गड़बड़ घोटाले को लेकर महिला बाल विकास अधिकारी पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। जिले भर में आंगनवाड़ी सहायिका के 72 पदो को लेकर चयन प्रक्रिया अगस्त माह में पूरी होने के बाद भी आज तक ज्वाइनिंग नही दी है। वहीं दूसरी तरफ मात्र एक सहायिका को सारनी के वार्ड क्रमांक एक में ज्वाइन मिली है। केवल एक सहायिका को ज्वानिंग मिलने को लेकर जिला महिल बाल विकास अधिकारी पर सवालिया निशान लग रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों को दो माह बीतने के बाद भी जॉइनिंग नहीं मिलने से नाराजगी देखने को मिल रही है। सवाल यह उठता है कि 72 में केवल एक सहायिका को ज्वानिंग किस आधार पर दी है। सहायिका पद पर चयनित कई अभ्यर्थियों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्वानिंग कराने की मांग भी की है। बताया जाता है कि आंगनवाड़ी सहायिका के चयनित अभ्यर्थी जिला महिला बाल विकास अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रही है। चयन होने की सूची जारी होने के दो माह बाद भी जॉइनिंग नहीं होने से जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हैं।

# आमला में अनुशासन और एकता का अद्भुत प्रदर्शन


**आमला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को आमला नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर की सड़कों पर अनुशासन, देशभक्ति और संगठन के स्वर गूंज उठे। लगभग पाँच सैकड़ा स्वयंसेवकों ने परंपरागत गणवेश में कदमताल करते हुए नगर भ्रमण किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे गायत्री लॉन से हुआ, जहाँ पर सभी स्वयंसेवक विधिवत एकत्रित हुए। संघ के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पथ संचलन का प्रारंभ हुआ। नगर में निकलते इस संचलन ने आरामशीन, मेन



मार्केट, तहसील चौक, इतवारी चौक, रतेड़ा रोड होते हुए पुनः गायत्री लॉन में पहुँचकर समापन किया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, देशप्रेम और संगठन की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था भी की गई। संघ के नगर कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पथ संचलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की एकता, अनुशासन और राष्ट्रभावना का जीवंत प्रतीक है। संघ समाज में राष्ट्रप्रेम और सेवा की भावना को जाग्रत करने का निरंतर प्रयास करता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संघ प्रार्थना के साथ उपस्थित स्वयंसेवकों ने देश सेवा, समाज निर्माण और संगठन की निष्ठा का संकल्प दोहराया।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर भीमपुर में संघ का भव्य पथ संचलन

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष उत्सव के अंतर्गत रविवार को भीमपुर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन का प्रारंभ न्यू बस स्टैंड के पास स्थित ग्राउंड से प्रारंभ हुआ, जिसमें संघ कि रचना के भीमपुर मंडल के अंतर्गत विभिन्न ग्रामो से लगभग पांच सैकड़ा स्वयंसेवक सम्मिलित हुए उन्होंने घोष की ताल पर अनुशासित कदम बढ़ाकर नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। नगर के नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। मुख्य



वक्ता व प्रांत सह पर्यावरण संयोजक पुरुषोत्तम जी द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक वह है जिसमें राष्ट्र भक्ति की भावना सदैव विद्यमान रहती है और वह भारत माता को परम वैभव पर पहुंचने के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं उन्होंने संघ की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए संघ के विविध संगठनों और समाज विरोधी गतिविधियों पर भी स्वयंसेवकों को जानकारी के साथ ही पंच परिवर्तन जिसमे सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य के विषय मे जानकारी देकर इनसे जडने के लिएतु संकल्प लेने का भो सभी से आव्हान किया। उल्लेखनीय यह रही कि भीमपुर जैसे जनजाति क्षेत्र में भी संघ का स्वयंसेवकों का इतनी बड़ी संख्या में पूर्ण गणेश में सहभागी होना और नगर में भी उत्साह पूर्वक कई स्थानों पर जयघोष और फुलो से संचलन का स्वागत हुआ जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठन स्वागत में सहभागी बने। प्राचार्य आरएस ठाकुर सेवानिवृत एवं पंकज मुनि महाराज काली घोड़ी वाले उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** | **अमेरिका के डॉ . कुलविंदर दुआ ने दी मान्यता**

# नागपुर का मिडास हॉस्पिटल बना वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर

**बैतूल।** नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक,मिडास हॉस्पिटल को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ.




श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा, जिसमें लिवर पर होने वाली अत्याधुनिक एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी शामिल होगा। पिछले एक साल में इटली, फ्रांस, रवांडा, साउथ अफ्रीका, यूएई, ओमान और फिलीपींस सहित कई देशों के डॉक्टर मिडास हॉस्पिटल आकर अतिरिक्त प्रशिक्षण ले चुके हैं ।मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मिली यह मान्यता नागपुर और मध्य भारत में विश्वस्तरीय गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और एंडोस्कोपी सेवाएं देने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत के डॉक्टरों के कौशल को बढ़ाना और एंडोस्कोपी में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धतियों को लागू करना है। मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर के डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत मुकेवार ने कहा, हमें डॉ. कुलविंदर दुआ का स्वागत करते हुए खुशी और गर्व महसूस हो रहा है, साथ ही वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन से मिली इस मान्यता पर हमें गर्व है। डॉ. सौरभ मुकेवार, डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताया,यह मान्यता मिडास हॉस्पिटल के एंडोस्कोपी प्रशिक्षण कार्य को और मजबूती देगी और इससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा। वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल नई चिकित्सा पद्धतियों और सहानुभूतिपूर्ण मरीज की देखभाल के माध्यम से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तिथि में परिवर्तन

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित की जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 अब 7 नवम्बर 2025 के स्थान पर 21 नवम्बर को आयोजित होंगी। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी नारायण देशमुख ने बताया अपरिहार्य कारणों एवं उक्त तिथि में शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित होने के कारण ,शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तिथि में संशोधन कर आगामी 21 नवंबर 2025 को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा करवाना सुनिश्चित किया है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा , भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब राव



चिल्हाटे ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों स्कूलों के संचालकों ,प्राचार्यों, प्रधान पाठकों से निवेदन किया है कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की संशोधित तिथि 21,नवंबर2025 को आप सभी एक साथ एक समय पर परीक्षा लेने की व्यवस्था बनाने में सहयोग करे एवं इसके पूर्व में जिन बच्चों ने परीक्षा में बैठने अपने नाम लिखवाए हो उनके मांग पत्र नॉमिनल रोल भरकर शीघ्र जिला संयोजक गुलाब राव चिल्हाटे या गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में जमा कर एवं संपर्क कर पुस्तके प्राप्त करे जिससे परीक्षार्थियों को पढ़ने के लिए पर्याप्त समय मिल सके ।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा करवाने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी लिखित अनुमति पत्र सभी शिक्षण संस्थानों तक पहुंचा दिया गया है।